I/235222/2022

संख्या:- 72 /2022/ 3822/छिहत्तर-1-2022-25 सम/2019

प्रेषक

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 14 नवम्बर, 2022

**विषयः- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कराये जा रहे विभिन्न कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों को मार्च 2024 तक हर घर को नल से जल से संतृप्त किया जाना है। उक्त के क्रम में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों को कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या-190/छिहत्तर-1-2020-25 सम/2019 दिनांक 24 जनवरी, 2020 एवं सपठित शासनादेश संख्या-60/2022/3232/छिहत्तर-1-2022-25 सम/2019 दिनांक 26 सितम्बर, 2022, शासनादेश संख्या-16/2021/1948/छिहत्तर-1-2021-25 सम/2019 दिनांक 19 मार्च, 2021 एवं सपठित शासनादेश संख्या-56/2022/3231/छिहत्तर-1-2022-25 सम/2019 दिनांक 26 सितम्बर, 2022, पत्र संख्या-1853/76-1-2022-09 सम/2021 टी0 सी0-1 दिनांक 07 जुलाई,2022, पत्र संख्या-1852/76-1-2022-9 सम/2021 टी0 सी0-1 दिनांक 07 जुलाई, 2022, पत्र संख्या-3053/76-1-2022-9 सम/2021 टी0 सी0-1 दिनांक 20 जुलाई, 2022 एवं पत्र संख्या-2052 /76-1-2022-9 सम/2021 टी0 सी0-1 दिनांक 20 जुलाई, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके माध्यम से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2- निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं को निर्धारित समयान्तर्गत मिशन मोड पर पूर्ण किये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के अंतर्गत विभिन्न घटकों यथा उत्तर प्रदेश जल निगम *(ग्रामीण)*, वेण्डर्स, आई.एस.ए., डी0 पी0 एम0 यू0 आदि द्वारा कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के समस्त कार्यों को मिशन मोड में निर्धारित समयान्तर्गत गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराते हुये पूर्ण कराया जाना है।

3- जल जीवन मिशन का शासन स्तर पर की गई समीक्षा बैठकों में निम्न कठिनाईयां उजागर हुई है जिनके निराकरण हेतु जिलाधिकारियों को समस्त घटकों में समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

*i.* कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रारम्भिक स्तर पर कराये गये सर्वे में त्रुटियां होने की वजह से भूमि उपलब्धता एवं डी0पी0आर0 की अपलोडिंग में कतिपय ग्रामों में कठिनाई आ रही है। इसमें मुख्यतया निम्न प्रकार की कमियां संज्ञान में आ रही हैं:-

*(1)* कतिपय गांव, जो एक एजेन्सी को आवंटित थे, उन्हें सर्वे में त्रुटिपूर्ण रूप से जनपद द्वारा दूसरे कान्ट्रेक्टर के नाम दिखा दिया गया है।

*(2)* सर्वे में कुछ गांवों को ***SLSSC- approved*** दिखाया गया है, जिनकी ***SLSSC*** हुई ही नहीं है।

*(3)* सर्वे में त्रुटिपूर्ण रूप से कुछ ग्रामों को पूर्व में कवर्ड दिखा दिया गया है, जबकि वास्तव में कवर्ड नहीं है।

*(4)* कुछ ऐसे भी राजस्व ग्राम हैं, जो ***IMIS*** की सूची में नहीं हैं।

क्रमांक- (1) से (3) में शामिल ग्रामों की प्रविष्टियों को आन लाइन ठीक किये जाने का आप्शन पोर्टल में दे दिया गया है और एडिट डेटा आप्शन का इस्तेमाल करके इसे ठीक किया जा सकता है। कृपया व्यक्तिगत रुचि एवं विशेष ध्यान देकर इन त्रुटियों को ठीक करा दें।

क्रमांक (4) पर वर्णित ग्रामों की एक सूची बना ली जाय। तत्सम्बन्ध में भारत सरकार से शीघ्र ही पोर्टल पर इन परिवर्तनों को अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया जा रहा है।

*ii.* कतिपय जनपदों में अभी भी भूमि उपलब्ध कराया जाना शेष है। ओवर हेड टैंक हेतु आवश्यक भूमि आबादी से दूर उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में और भूमि गडढे में होने के कारण परियोजना की लागत बढ जाती है। अतएव समुचित भूमि आबादी के निकट चिन्हित कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

*iii.* कतिपय जनपदों में भूमि आवंटन के उपरान्त भी विवाद के कारण योजना के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है, उसे तत्काल निस्तारित कराया जाय। यदि लैण्ड फिलिंग की आवश्यकता है तो स्थानीय संसाधनों से उसकी भराई करा दी जाय।

*4-* **समस्त ग्रामों का विलेज एक्शन प्लान (VAP)** अतिशीघ्र बना लिया जाय तथा जिन ग्रामों में कार्य हो चुका है या पूर्व में हो चुका था, वहाँ पर राजस्व/ग्राम्य विकास एवं अन्य विभागों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाय कि हर घर को कनेक्शन देते हुए अतिशीघ्र उस ग्राम को **"हर घर जलग्राम"** घोषित कराया जाए और इसे प्रमाणित भी कराया जाए। आधार की उपलब्धता में आ रही कठिनाईयों पर विशेष ध्यान देते हुए समस्त कनेक्शनों का आधार उपलब्ध कराते हुए IMIS पर फीडिंग करायी जाए।

5- इस शासनादेश के साथ संलग्न सूची के संलग्नक 1 से 4 तक उन जनपदों की सूची है, जहाँ कि क्रमशः FHTC का प्रतिशत 0-10, 10-25, 25-50, 50-75 प्रतिशत है। उक्त सभी जनपदों में ऐसे ग्राम, जिनमें कार्य पूर्ण हो गये है, उनका विवरण विभाग के पोर्टल-

*jalshakti.up.gov.in* पर उपलब्ध है। ऐसे कार्यों में कुछ हाउस होल्ड की संख्या एवं उसके सापेक्ष दिये गये FHTC की संख्या तथा इसका अन्तर, जैसा कि पोर्टल पर उपलब्ध है, इन संलग्नकों में वर्णित है। ये वे कनेक्शन है, जिसको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर हर घर जल बनाया जा सकता है। उपरोक्त संलग्नकों में जनपदवार वह संख्या भी दी गयी है, जिनको पूर्ण करने के पश्चात जनपद अगली श्रेणी में आ सकता है। संलग्नकों को देखने से स्पष्ट है कि अधिकांश जनपद प्राथमिकता में बचे घरों को कनेक्शन दे दें तो भी वह अगली श्रेणी में तत्काल जा सकते है।

6- योजना के क्रियान्वयन हेतु संसाधन सीमित हैं, अतः उनका सही तरीके से एवं समय से नियोजन करने की आवश्यकता है। अतएव एजेन्सी के साथ मशीनरी, लेबर एवं सामग्री आदि की समुचित प्लानिंग कर लें, ताकि कार्य समय से सीमित संसाधनों द्वारा पूर्ण हो सकें।

7- पाइप पेयजल योजना निर्माण की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारियों द्वारा कम्पोनेन्ट वाइज (ट्यूबवेल, बोरिंग की प्रगति, ओवर हेड टैंक की प्रगति, पाइप के क्रय एवं पाइप लाइन के बिछाये जाने, सोलर पैनल के क्रय एवं लगाने, FHTC तथा खर्च) प्रत्येक सप्ताह की जाय। अधिशासी अभियन्ताओं को स्थलीय पर्यवेक्षण हेतु फील्ड में रहने हेतु पर्याप्त समय दिया जाए। इसके अतिरिक्त कार्य की समयबद्धता के दृष्टिगत अधिशासी अभियन्ताओं से जल जीवन मिशन के कार्यों के इतर अन्य कोई कार्य न लिया जाय।

8- अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध विवरण को समय-समय पर अपडेट कराते रहें और इसकी प्रगति सुनिश्चित की जाए।

9- जनपद के इम्प्लीमेण्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) एवं प्रत्येक ग्राम में गठित ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति को सक्रिय कर उनके माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ जल के महत्त्व एवं इनके आप्टिमम उपयोग तथा इसके प्रबन्धन में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित कराने का प्रयास किया जाए।

*10-* जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज-*4* के *5* जनपदों- आगरा, उन्नाव, बलिया, फिरोजाबाद, मथुरा, प्रयागराज *(*विकास खण्ड-मेजा, कोरांव, माण्डा, शंकरगढ, बारा*)* एवं चन्दौली *(*विकास खण्ड-नौगढ*)* हेतु पोर्टल पर योजनाओं से आच्छादित किये जाने वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध है। कृपया उक्त योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता के संबंध में यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 दिसम्बर, 2022 तक भूमि प्राप्त हो जाए।

11- पेयजल पाइप लाइन डालने हेतु काटी गयी सडकों की पुनर्स्थापना/मरम्मत के संबंध में शासनादेश संख्या-61/2022/3393/छिहत्तर-1-2022-21 सम/2022 दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

*12-* पाइप पेयजल योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों यथा- आंगनबाडी

केन्द्रों, आश्रमशालाओं, स्कूलों आदि में प्रत्येक दशा में नल जल संयोजन कराकर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय।

*13-* पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से आपूर्तित जल में ***Residual Chlorine*** की मात्रा प्रत्येक दशा में वितरण प्रणाली के अंतिम छोर पर रहने वाले परिवार तक सुनिश्चित की जाय।

14- उपलब्ध कराये जा रहे पेयजल का ***Bacteriological Contamination*** /रोग जनक सूक्ष्म जीवों से शोधन एवं पेयजल की वितरण प्रणाली के अन्तिम बिन्दु तक ***Pathogens*** की पुर्नवृदिध के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। इस हेतु पानी की गुणवत्ता की जांच लगातार करायी जाए तथा परिणाम पोर्टल पर निरंतर अपलोड कराया जाए

*15-* प्रदेश में कुल *75* जल परीक्षणशालाएँ स्थापित हैं, जिनमें से एक राज्य स्तर पर एवं *25* जनपदीय परीक्षणशालाएं ***NABL*** से मान्यता प्राप्त हैं, शेष परीक्षणशालाओं को ***NABL*** से मान्यता प्राप्त कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कृपया अपने जनपद से संबंधित परीक्षणशाला को ***NABL*** से मान्यता प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुये ***NABL*** से मान्यता प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,
Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 11-11-2022 18:44:40
Reason: Approved

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव।

संख्या- 72 /2022/3822 (1)/छिहत्तर-1-2022-25 सम/2019 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(2) निजी सचिव, मा० मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
(3) निजी सचिव, मा० जलशक्ति मंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
(4) निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(5) निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
(6) अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, नियोजन, नगर विकास, वित्त, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग एवं राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन।
(7) आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(8) प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ ।
(9) अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उनके पत्र संख्या-848/ डब्लू-409 (सेन्टेज/ 2021-22) दिनांक 15 जून, 2022 के क्रम में।
(10) निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग/ पंचायती राज विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(11) समस्त मुख्य विकास अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश (द्वारा सम्बन्धित जिलाधिकारी)
(12) समस्त परियोजना निदेशक,डी.आर.डी.ए. उत्तर प्रदेश।(द्वारा सम्बन्धित जिलाधिकारी)
(13) गार्डबुक।

आज्ञा से,

(अनुराग श्रीवास्तव)
प्रमुख सचिव

संलग्नक-1

# 0 से 10 प्रतिशत FHTC की श्रेणी के जनपद

Districts between 0% to 10% FHTC Achievement Percentage (%)

Total No. of Districts: 8

| Sl. No. | District | No. of Villages where Work Completed | No. of Har Ghar Jal Villages | Difference | No. of Households in Villages where Work Completed | No. of FHTC given in Villages where Work Completed | Difference | No. of FHTC needed to reach Next Milestone |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E (C-D) | F | G | H (F-G) | I |
| 1 | Amethi | 97 | 34 | 63 | 50218 | 17796 | 32422 | 409 |
| 2 | Hardoi | 68 | 52 | 16 | 31296 | 26418 | 4878 | 3115 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 47 | 33 | 14 | 21325 | 15758 | 5567 | 4465 |
| 4 | Unnao | 165 | 19 | 146 | 94952 | 30182 | 64770 | 9116 |
| 5 | Ayodhya | 55 | 15 | 40 | 26286 | 11027 | 15259 | 10884 |
| 6 | Azamgarh | 174 | 65 | 109 | 57908 | 35765 | 22143 | 13056 |
| 7 | Sultanpur | 68 | 37 | 31 | 22247 | 16991 | 5256 | 8829 |
| 8 | Sitapur | 57 | 32 | 25 | 27717 | 19664 | 8053 | 8303 |

संलग्नक-2

# 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत FHTC की श्रेणी के जनपद

Districts between 10% to 25% FHTC Achievement Percentage (%)

Total No. of Districts: 46

| Sl. No. | District | No. of Villages where Work Completed | No. of Har Ghar Jal Villages | Difference | No. of Households in Villages where Work Completed | No. of FHTC given in Villages where Work Completed | Difference | No. of FHTC needed to reach Next Milestone |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E (C-D) | F | G | H (F-G) | I |
| 1 | Gautam Buddha Nagar | 23 | 5 | 18 | 17803 | 6463 | 11340 | 446 |
| 2 | Etah | 160 | 110 | 50 | 61138 | 46668 | 14470 | 2196 |
| 3 | Kanpur Nagar | 117 | 83 | 34 | 65907 | 55526 | 10381 | 2567 |
| 4 | Jalaun | 87 | 21 | 66 | 31975 | 17111 | 14864 | 8702 |
| 5 | Ballia | 216 | 50 | 166 | 96494 | 55014 | 41480 | 8963 |
| 6 | Chitrakoot | 100 | 17 | 83 | 29180 | 16972 | 12208 | 9272 |
| 7 | Ghazipur | 483 | 188 | 295 | 141449 | 82098 | 59351 | 11502 |
| 8 | Agra | 232 | 63 | 169 | 135512 | 69418 | 66094 | 13285 |
| 9 | Sant Kabeer Nagar | 254 | 149 | 105 | 51723 | 33579 | 18144 | 14728 |
| 10 | Jhansi | 162 | 23 | 139 | 75023 | 28363 | 46660 | 16243 |
| 11 | Sonbhadra | 263 | 94 | 169 | 90121 | 29612 | 60509 | 16432 |
| 12 | Banda | 103 | 36 | 67 | 65129 | 27717 | 37412 | 17955 |
| 13 | Mathura | 123 | 43 | 80 | 74514 | 37564 | 36950 | 21096 |
| 14 | Lakhimpur Kheri | 213 | 109 | 104 | 184242 | 115912 | 68330 | 21719 |
| 15 | Maharajganj | 192 | 51 | 141 | 96681 | 58328 | 38353 | 25810 |
| 16 | Lucknow | 119 | 23 | 96 | 62970 | 22415 | 40555 | 28330 |
| 17 | Basti | 498 | 173 | 325 | 76944 | 38447 | 38497 | 32578 |
| 18 | Prayagraj | 722 | 100 | 622 | 272344 | 120821 | 151523 | 35642 |
| 19 | Fatehpur | 253 | 98 | 155 | 114422 | 46919 | 67503 | 37263 |
| 20 | Bijnor | 197 | 32 | 165 | 83429 | 28340 | 55089 | 45581 |
| 21 | Rae Bareli | 216 | 43 | 173 | 130255 | 46704 | 83551 | 51699 |
| 22 | Pratapgarh | 419 | 108 | 311 | 115333 | 50446 | 64887 | 58350 |
| 23 | Auraiya | 64 | 42 | 22 | 45802 | 41199 | 4603 | 5851 |
| 24 | Firozabad | 120 | 94 | 26 | 51102 | 44362 | 6740 | 7508 |
| 25 | Pilibhit | 61 | 40 | 21 | 33230 | 26007 | 7223 | 8640 |
| 26 | Kasganj | 63 | 55 | 8 | 21897 | 19356 | 2541 | 11013 |
| 27 | Sant Ravidas Nagar | 114 | 62 | 52 | 22932 | 15245 | 7687 | 13188 |
| 28 | Amroha | 59 | 37 | 22 | 33581 | 23591 | 9990 | 14727 |
| 29 | Kanpur Dehat | 73 | 51 | 22 | 30601 | 25913 | 4688 | 16121 |
| 30 | Shravasti | 48 | 19 | 29 | 28794 | 16347 | 12447 | 16568 |
| 31 | Hathras | 63 | 24 | 39 | 31642 | 20150 | 11492 | 18826 |
| 32 | Mainpuri | 71 | 46 | 25 | 34293 | 21631 | 12662 | 20127 |
| 33 | Kaushambi | 65 | 27 | 38 | 35229 | 25470 | 9759 | 23533 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | Siddharth Nagar | 222 | 115 | 107 | 44960 | 30534 | 14426 | 25619 |
| 35 | Shahjahanpur | 146 | 115 | 31 | 43833 | 36556 | 7277 | 27468 |
| 36 | Budaun | 84 | 72 | 12 | 53204 | 49333 | 3871 | 30015 |
| 37 | Rampur | 93 | 26 | 67 | 42111 | 21582 | 20529 | 31787 |
| 38 | Mau | 124 | 48 | 76 | 38607 | 18666 | 19941 | 32708 |
| 39 | Balrampur | 98 | 47 | 51 | 37151 | 27312 | 9839 | 36286 |
| 40 | Bareilly | 113 | 90 | 23 | 49527 | 40336 | 9191 | 37827 |
| 41 | Moradabad | 42 | 10 | 32 | 32610 | 12117 | 20493 | 41365 |
| 42 | Sambhal | 32 | 11 | 21 | 26763 | 14938 | 11825 | 41402 |
| 43 | Gonda | 179 | 54 | 125 | 65188 | 32455 | 32733 | 44963 |
| 44 | Barabanki | 161 | 121 | 40 | 70131 | 54288 | 15843 | 59250 |
| 45 | Aligarh | 67 | 47 | 20 | 36324 | 32995 | 3329 | 61884 |
| 46 | Jaunpur | 153 | 70 | 83 | 45748 | 29297 | 16451 | 86376 |

I/235222/2022

संलग्नक-3

# 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत FHTC की श्रेणी के जनपद

Districts between 25% to 50% FHTC Achievement Percentage (%)

Total No. of Districts: 20

| Sl. No. | District | No. of Villages where Work Completed | No. of Har Ghar Jal Villages | Difference | No. of Households in Villages where Work Completed | No. of FHTC given in Villages where Work Completed | Difference | No. of FHTC needed to reach Next Milestone |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E (C-D) | F | G | H (F-G) | I |
| 1 | Hapur | 75 | 54 | 21 | 56739 | 53917 | 2822 | 543 |
| 2 | Ghaziabad | 54 | 39 | 15 | 53109 | 38669 | 14440 | 6909 |
| 3 | Shamli | 33 | 28 | 5 | 34710 | 34144 | 566 | 5933 |
| 4 | Mahoba | 121 | 63 | 58 | 42262 | 29914 | 12348 | 12624 |
| 5 | Meerut | 140 | 95 | 45 | 110190 | 88517 | 21673 | 33930 |
| 6 | Hamirpur | 63 | 31 | 32 | 27021 | 18424 | 8597 | 37667 |
| 7 | Kannauj | 185 | 74 | 111 | 106776 | 79468 | 27308 | 40731 |
| 8 | Farrukhabad | 133 | 78 | 55 | 67628 | 52704 | 14924 | 43632 |
| 9 | Etawah | 157 | 135 | 22 | 58679 | 52051 | 6628 | 45956 |
| 10 | Lalitpur | 96 | 40 | 56 | 48138 | 27710 | 20428 | 49851 |
| 11 | Chandauli | 210 | 168 | 42 | 53866 | 46230 | 7636 | 53535 |
| 12 | Muzaffarnagar | 150 | 61 | 89 | 123123 | 82592 | 40531 | 55902 |
| 13 | Varanasi | 262 | 120 | 142 | 85095 | 55530 | 29565 | 59761 |
| 14 | Gorakhpur | 631 | 360 | 271 | 155225 | 111115 | 44110 | 70801 |
| 15 | Mirzapur | 232 | 176 | 56 | 60261 | 45770 | 14491 | 76458 |
| 16 | Deoria | 349 | 219 | 130 | 81104 | 64070 | 17034 | 76081 |
| 17 | Kushi nagar | 387 | 226 | 161 | 161577 | 106565 | 55012 | 100363 |
| 18 | Saharanpur | 135 | 98 | 37 | 92295 | 76697 | 15598 | 106025 |
| 19 | Bulandshahr | 106 | 83 | 23 | 71786 | 67134 | 4652 | 105774 |
| 20 | Bahraich | 227 | 76 | 151 | 121495 | 81889 | 39606 | 131326 |

संलग्नक-4

## 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत FHTC की श्रेणी के जनपद

Districts between 50% to 75% FHTC Achievement Percentage (%)

Total No. of Districts: 1

| Sl. No. | District | No. of Villages where Work Completed | No. of Har Ghar Jal Villages | Difference | No. of Households in Villages where Work Completed | No. of FHTC given in Villages where Work Completed | Difference | No. of FHTC needed to reach Next Milestone |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E (C-D) | F | G | H (F-G) | I |
| 1 | Baghpat | 82 | 42 | 40 | 78697 | 61798 | 16899 | 41952 |